# 341 विद्यार्थियों में 90 प्रतिशत का प्लेसमेंट

## ग्लोबल स्किल पार्क के दीक्षांत समारोह में 2024 बैच के छात्र-छात्राओं का सम्मान

**भोपाल, 25 नवंबर. राजधानी भोपाल के संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में मंगलवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने 2024 बैच के 341 विद्यार्थियों का सम्मान किया. इस दौरान बताया गया कि 341 विद्यार्थियों में 90 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है.**

इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि हमारे प्रशिक्षु अब केवल चुनौतियों का सामना करने वाले युवा नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और नवाचार से परिपूर्ण नागरिक बन चुके हैं, जो राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं। संस्थान और राज्य सरकार मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'कुशल भारत-समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने के लिये युवाओं को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत हैं. मंत्री टेटवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में कौशल विकास को नई पहचान मिली है और यह विश्वास मजबूत हुआ है कि सक्षम युवा ही प्रदेश को प्रगति



के शिखर पर ले जाते हैं. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि हर युवा को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, अत्याधुनिक सुविधाएँ और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध हों और ग्लोबल स्किल्स पार्क इसी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, इंडस्ट्री-लिंक्ड कोर्स, डिजिटल सुविधाएँ और प्रशिक्षकों की विशेषज्ञता मिलकर विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की क्षमता प्रदान करती हैं.

उन्होंने कहा कि ग्लोबल स्किल्स पार्क के अनेक विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में अवसर प्राप्त हुए हैं, जबकि बड़ी संख्या में युवा स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, जो प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए अत्यंत शुभ संकेत है. उन्होंने गीता के 'योग: कर्मसु कौशलम्' का उल्लेख करते हुए युवाओं से कहा कि आज की दुनिया निरंतर बदल रही है और ऐसे समय में सतत सीखना उनकी सबसे बड़ी शक्ति है.

> उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि उनका कौशल तकनीक के साथ लगातार अपडेट होना चाहिए तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार रखना चाहिए. मंत्री टेटवाल ने कहा कि ग्लोबल स्किल पार्क के प्रशिक्षित विद्यार्थियों का देश और प्रदेश के साथ ही विश्व की प्रतिष्ठित कंपनियो में भी प्लेसमेंट हो रहा है. उन्होंने बताया कि यहां से प्रशिक्षित 11 विद्यार्थी अबु धाबी में जॉब कर रहे हैं. यह एशिया का विश्वस्तरीय संस्थान है. मंत्री डॉ. टेटवाल ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए. इस अवसर पर 2024-2025 सत्र में उत्कृष्ट समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए चयनित प्रशिक्षु को मिनिस्टर मेडल अवार्ड से सम्मानित किया गया.

> ग्लोबल स्किल पार्क मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गिरीश शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. समारोह में सुब्रोस इंडस्ट्री के रीजनल हेड पवन यादव एवं ऑपरेशन हेड मनोज कुमार सहित उद्योग जगत के विशेषज्ञ उपस्थित रहे. उन्होंने प्रशिक्षुओं को आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं, उभरते रोजगार अवसरों और कौशल-आधारित करियर निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया. कार्यक्रम में डायरेक्टर रोमा वाजपेई, नीरज सहाय, सी.के. बघेल, संजय जैन एवं निदेशक मंडल के वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहे. बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के परिजन भी उपस्थित थे.

# छात्र-छात्राओं ने बैंड पर सुनाईं मधुर धुनें

## सुभाष स्कूल में राज्य स्तरीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता शुरू

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 25 नवम्बर. शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर में राज्य स्तरीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव संजय गोयल ने किया. इस अवसर पर लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक डी एस कुशवाह भी उपस्थित रहे.**

प्रतियोगिता में प्रदेश के आठ संभागों से चयनित बालक और बालिका वर्ग की ब्रास और पाइप बैंड टीमें शामिल हुई हैं. जिला और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के बाद चयनित इन टीमों का प्रदर्शन आज राज्य स्तर पर हुआ, जिनमें से श्रेष्ठ टीमों का चयन जोनल प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा.

मध्य प्रदेश की विजेता टीम पश्चिमी जोन की प्रतियोगिता में भाग लेगी, जो गोवा में तीस नवंबर को आयोजित की जाएगी.



> जोनल स्तर से चयनित टीमें नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाएंगी. राष्ट्रीय स्तर से चुनी गई बैंड टीमें गणतंत्र दिवस दो हजार छब्बीस के मुख्य समारोह में प्रदर्शन करने का गौरव प्राप्त करेंगी. पिछले वर्ष सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल ईदगाह हिल्स भोपाल की बालिका ब्रास बैंड टीम ने देश में द्वितीय स्थान हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया था.

# आज 15 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बुधवार को मेंटनेंस के लिए शहर के करीब 15 इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई बंद करेगी. बुधवार सुबह 10.30 से दोपहर 2 बजे तक दानिश कुंज-2 और 3, सिद्धी-समृद्धि हाइट्स एवं आसपास के इलाके. सुबह 11 से दोपहर 2.30 बजे तक भैंसाखेड़ी, आकाश गार्डन, माधव आश्रम, बैरागढ़ मंडी एवं आसपास. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक दानिश हिल्स-4 व्यू, आशीर्वाद कॉलोनी, गोल्डन हाइट्स, बंजारी, कान्हाकुंज एवं आसपास के इलाकों में बिजली बंद रहेगी.

# श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान स्पर्धा के पंजीयन की तिथि 28 तक बढ़ी

**भोपाल, 25 नवंबर. भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग, ज्ञान और भक्ति संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से अभ्युदय मध्यप्रदेश—विरासत भी, विकास भी अंतर्गत आयोजित ऑनलाइन श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 28 नवंबर दोपहर 12 बजे कर दी गई है.**

प्रतिभागी www.geetamahotsav.com पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है.

मुख्यमंत्री के आह्वान पर प्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय तथा 10 संभागों में श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्त श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ करेंगे. साथ ही प्रदेश भर में सांस्कृतिक आयोजन, प्रदर्शनी और विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे.

# 35 देशों के प्रतिनिधि संस्कृति पर करेंगे चर्चा

▶ रवीन्द्र भवन में 4 दिनी विश्व रंग महोत्सव का आयोजन कल से

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 25 नवम्बर. राजधानी के रवीन्द्र भवन परिसर में विश्व रंग के तहत टैगोर अन्तरराष्ट्रीय साहित्य तथा कला महोत्सव का आयोजन 27 से 30 नवंबर तक होगा.**

इसमें 35 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और एक हजार से अधिक प्रतिभागी साहित्य, कला, विज्ञान, मीडिया, शिक्षा और संस्कृति के विविध पक्षों पर चर्चा कोर्टयार्ड मैरियेट में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में विश्व रंग के महानिदेशक और रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने बताया




कि महोत्सव में इस बार 90 से अधिक सत्र आयोजित होंगे. इस साल की थीम 21 वीं सदी की चुनौतियों पर आधारित है. जिनमें साहित्य, कला, विज्ञान, मीडिया, शिक्षा और संस्कृति के विविध पक्षों पर चर्चा और प्रस्तुति होगी. उन्होंने बताया कि गुरुवार 27 नवंबर की शाम राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मॉरिशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन की उपस्थिति में महोत्सव का शुभारंभ होगा. इस अवसर पर श्रीराम कला केंद्र नई दिल्ली द्वारा श्रीकृष्ण लीला का भव्य मंचन होगा. कार्यक्रम में फैजल मलिक, दिव्या दत्ता, स्वानंद किरकिरे, देवदत्त पटनायक, पिया मलिक, नीलोत्पल मृणाल, सौरभ द्विवेदी जैसे प्रमुख वक्ताओं की भागीदारी रहेगी.

## एक नजर में



### हनुमानगढ़ी मंदिर नानक टेकरी में हुआ ध्वजारोहण

**भोपाल.** अयोध्या में राम मंदिर पर हुए भव्य ध्वजारोहण के अवसर पर मंगलवार को हनुमानगढ़ी मंदिर, नानक टेकरी में गुरु नानक मंडल के तत्वावधान में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. साधु-संतों एवं सनातन समाज की उपस्थिति में मंदिर शिखर पर पूजन, मंत्रोच्चारण और ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में महंत अनिलानंद, महंत सोमनाथ, विजय बाजपेई तथा संस्था अध्यक्ष राकेश कुकरेजा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे. इस अवसर पर राकेश कुकरेजा ने ध्वजारोहण को भारतीय संस्कृति का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए आतिशबाजी कर नागरिकों को मिष्ठान वितरित किया.



### रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित

**भोपाल.** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पद्मावती संभाग - माता त्रिशला शाखा, लालघाटी द्वारा मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. शिविर में महिला, पुरुषों और युवाओं ने 30 यूनिट रक्तदान किया. शिविर में परिषद की अध्यक्ष श्रुति जैन सचिव, मिली जैन, कोषाध्यक्ष शैली जैन, ऋचा, नम्रता, हरषु,, सोनल ,प्रीति, निकिता, स्वाति ,मोनिका रश्मि, सरिता आदि का योगदान रहा. परिषद की महिलाओं ने गांधी मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक टीम की डॉ. ऋचा जैन, डॉ. मानसी, डॉ. हरीराम, डॉ. हिना शेख, डॉ. मेघा तोमर, डॉ. श्वेता वर्मा आदि का आभार व्यक्त किया.



# मरीजों को भोजन और बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

▶ सांसद आलोक शर्मा के जन्मदिवस पर जगह-जगह हुए आयोजन

**भोपाल, 25 नवंबर. भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद आलोक शर्मा के जन्मदिन पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सभी मंडलों में पौधा रोपण किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गरीबों-मरीजों को भोजन, फल और बच्चों को पठनीय सामग्री बांकर जन्मदिन की खुशियां मनाई.**

### दिव्यांगों को व्हीलचेयर, बुजुर्गों को बांटे कंबल

हनुमानगढ़ी मंदिर, नानक टेकरी में गुरु नानक मंडल के तत्वावधान में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में भोपाल सांसद आलोक शर्मा का जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया गया. इस दौरान पांच दिव्यांगजनों को ट्राईसिकल, व्हील चेयर तथा बुजुर्गों को 151 कंबलों का वितरण किया. और सांसद शर्मा के दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएँ कीं. कार्यक्रम में महेश मकवाना, भगवान दास ढालिया, सरोज आसेरी, राजा शर्मा ,सुनील सराठे, नरेंद्र ठाकुर, मुकेश सोलंकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

सांसद शर्मा अपने जन्मदिन पर परिवार के साथ अयोध्या गए हुए हैं. उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यकर्ताओं से आव्हान किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाते हुए मेरे जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम लगाएं, यही मेरे लिए जन्मदिन का उपहार होगा.

# जीवनसंगिनी ने किडनी देकर बचाई पति की जान

## हमीदिया अस्पताल में 51 साल के मरीज को किडनी प्रत्यारोपित



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 25 नवम्बर. 51 वर्षीय मरीज कई दिनों से हमीदिया अस्पताल में किडनी रोग से ग्रसित होने के कारण भर्ती था. जांच में पाया चला कि मरीज की किडनी लगभग काम करना बंद कर चुकी है. इस वजह से मरीज की नियमित डायलिसिस पर निर्भरता बढ़ गई.**

ऐसे समय में मरीज की 46 वर्षीय पत्नी ने अपनी एक किडनी देकर पति को नया जीवन दान दिया. सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट किया गया और मरीज को नया जीवन मिल पाया. हमीदिया की उपलब्धि में यह 11 वां किडनी ट्रांसप्लांट है. जिसे सफलता के साथ पूरा कर लिया गया है. प्रत्यारोपण आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किया गया, जिससे मरीज पर किसी भी तरह का आर्थिक बोझ नहीं पड़ा. ऐसे में चिकित्सकों ने प्रत्यारोपण का निर्णय लिया. डॉक्टरों के मुताबिक ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज अब स्वस्थ हैं. प्रत्यारोपण टीम में किडनी रोग विशेषज्ञ, प्रत्यारोपण सर्जन, एनेस्थीसिया विभाग और जूनियर डॉक्टरों की समर्पित टीम शामिल रही. सर्जनों ने बताया कि लैप्रोस्कोपिक तकनीक से की गई नेफ्रेक्टॉमी के कारण दाता को जल्दी स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है. इसमें मरीज को दर्द और तकलीफ भी कम होती है. अस्पताल प्रशासन ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे चिकित्सा तंत्र की टीमवर्क का परिणाम है. जो कि डीन डॉ कविता एन के सिंह, अधीक्षक सुनित टंडन के निरंतर सहयोग से सम्भव हो सका है. टीम में डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. आर. आर. बड़ई, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. अमित जैन,डॉ. समीर व्यास,डॉ. नरेंद्र कुमार आदि शामिल रहे.

# युद्धकला गतका का होगा प्रदर्शन पंजाबी जायके का स्वाद ले सकेंगे

▶ मानव संग्रहालय में पंजाब की लोक संस्कृति पर प्रदर्शनी 29 नवंबर को

**भोपाल, 25 नवंबर. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा अपनी सामयिक प्रदर्शनी श्रृंखला के तहत पंजाब की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं को प्रस्तुत करती नवीन प्रदर्शनी का आयोजन 29 नवंबर को किया जा रहा है. यह प्रदर्शनी संग्रहालय के आवृत्ति भवन की दीर्घा में आयोजित की जाएगी.**

संग्रहालय के निदेशक प्रो.डा.अमिताभ पांडे ने बताया कि प्रदर्शनी के उद्घाटन दिवस 29 नवंबर को दर्शक को ठेठ पंजाबी जायकों का स्वाद ले सकेंगे.

> हस्तशिल्प नमूनों की प्रदर्शनी एवं क्रय, तथा पंजाबी गीत-संगीत की मधुर प्रस्तुतियां दोपहर में होंगी. शाम 4 बजे से पंजाब के प्रसिद्ध गिद्धा और भांगड़ा प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण रहेंगी. साथ ही दर्शकों को लगभग 800 वर्ष पुरानी पारंपरिक एवं ऐतिहासिक युद्धकला 'गतका' का रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिलेगा.

**संविधान दिवस ...** आज ही के दिन 1950 में लागू हुआ था हमारे देश का संविधान

# समाज के हर वर्ग को संविधान की जानकारी होना चाहिए

साक्षी केसरवानी

**भोपाल, 25 नवम्बर. देश के शासन तंत्र, नागरिक अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला एकमात्र संविधान है. प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और अवसरों की गारंटी देता यह संविधान दिवस उन मूल्यों की याद दिलाता है. जिन पर आधुनिक भारत की संरचना खड़ी है.**

ऐतिहासिक दिन को याद करने और नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला संविधान 2 वर्ष 11 माह 18 दिन की मेहनत के बाद देश का संविधान तैयार किया गया. जो कि 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत कर 26 जनवरी 1950 से लागू किया गया. जिसे आज दुनिया के सबसे विस्तृत लिखित संविधानों में गिना जाता है. संविधान दिवस के अवसर पर नवभारत प्रतिनिधि ने समाज के कुछ प्रतिनिधियों से बात की.



> आज की युवा पीढ़ी और विद्यार्थियों को संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों और धाराओं का उदारण देकर समझाने का प्रयास किया जाना चाहिए. इससे उन्हें व्यवहारिक पहलुओं को समझने में आसानी होगी. साथ ही कार्यशालाएं आयोजित कर विद्यार्थियों को संविधान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने का अवसर देना चाहिए. जिससे उनकी रुचि न्यायिक व्यवस्था और संवैधानिक परिदृश्यों पर बढ़ सके.
>
> **सुधाकर पाराशर,** प्रिंसिपल, सुभाष एक्सीलेंस स्कूल



> स्कूल के पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से मौलिक अधिकार और संविधान से जुड़ा एक विषय को जोड़ा जाना चाहिए. इसे बेसिक, एडवांस और हायर एजुकेशन के लेवल पर अलग से तैयार करना होगा. जिससे हर उम्र और वर्ग के लोग इसे बेहतर समझें. साथ ही स्कूलों और कालेजों में एक्टिविटी करवानी चाहिए. किताबी ज्ञान से ऊपर आकर काम करने की जरूरत है.
>
> **भूपेंद्र सिंह सिसोदिया,** अधिवक्ता, मप्र उच्च न्यायालय



> विद्यार्थी ही नहीं, समाज के हर वर्ग को हमारे संविधान में लिखे नियमों की जानकारी होनी चाहिए. संविधान में लिखी हर जरूरी जानकारी शुरुआत की कक्षा से ही विद्यार्थियों को पढ़ाना चाहिए. समाज के हर वर्ग की जागरूकता के लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रयास किया जाना आवश्यक है. जिससे नागरिक अपने दायित्वों का वहन जिम्मेदारी से करेंगे तो प्रशासनिक अधिकारियों का भी बोझ कम होगा.
>
> **दीप्ति श्रीवास्तव,** प्रिंसिपल, नूतन कॉलेज, भोपाल

# 250 से अधिक लोगों ने करवाई जांच

## डीआईईटी संस्थान में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 25 नवंबर. मध्यप्रदेश जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को डीआईईटी संस्थान में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और दो सौ पचास से अधिक हितग्राहियों ने विभिन्न जांचों का लाभ लिया.**

शिविर में विशेषज्ञ टीम ने रक्तचाप, शुगर, बीएमआई, त्वचा रोग और महिला स्वास्थ्य से जुड़ी जांचें कीं. प्रदेश अध्यक्ष डॉ कुलदीप गुप्ता ने बताया कि तीस से साठ वर्ष आयु वर्ग के नब्बे लोगों की बीपी और ब्लड शुगर की जांच की गई, जिनमें बीस नए मरीज सामने आए. त्वचा और महिला रोग से जुड़े मरीजों को तत्काल उपचार और आगे की देखभाल के लिए सलाह दी गई.



> शिविर संचालन में डॉ पल्लवी मंडराई, डॉ रामगोपाल बघेल, डॉ आयुषी बघेल और काजल डावर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. संस्थान परिसर में पूरे समय उत्साह और सहभागिता का माहौल बना रहा और प्रतिभागियों ने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता जताई.